| Roll Number | | |
| --- | --- | --- |

Code Number 085/2

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## FIRST PRELIMINARY EXAMINATION
## HINDI COURSE-B

SUBJECT CODE: 085

CLASS: X

17.12.2017

Time Allotted: 3 Hrs

Max. Marks:80

निर्देश

1 - इस प्रश्न- पत्र में चार खण्ड हैं : 'क', 'ख', 'ग', और 'घ'।

2-चारों खण्डों के उत्तर देना अनिवार्य है।

3 - कुल 17 प्रश्न और 4 पृष्ठ हैं ।

4 - कृपया उत्तर लिखने से पहले , प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

खण्ड - क

1- निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

जितनी अनिच्छा से हम सलाह को स्वीकार करते हैं ,उतनी अनिच्छा से किसी अन्य को नहीं ।सलाह देने वालों के बारे में हम सोचते हैं कि वह हमारी समझ को अपमान की दृष्टि से देख रहा है अथवा हमें बच्चा या बुद्धू मानकर व्यवहार कर रहा है.हम उसे एक अव्यक्त सेंसर मानते हैं और ऐसे अवसरों पर हमारी भलाई के लिए जो उत्साह दिखाया जाता है ,उसे हम पूर्व धारणा या धृष्टता मानते हैं ।इसकी सच्चाई यह है कि जो सलाह देने का बहाना करता है ,वह इसी कारण से हमारे ऊपर अपनी श्रेष्ठता स्थापित करता है । इसके अतिरिक्त कोई और कारण नहीं हो सकता।किंतु अपने से हमारी तुलना करते हुए, वह हमारे आचरण अथवा समझदारी में कोई दोष देखता है ।इन कारणों से ,सलाह को स्वीकार्य बनाने से कठिन कोई कला नहीं है और वास्तव में प्राचीन और आधुनिक दोनों युग के लेखकों ने इस कला में जितनी दक्षता प्राप्त की है , उसी आधार पर स्वयं को एक दूसरे से अधिक विशिष्ट प्रमाणित किया है ।इस कटु पक्ष को रोचक बनाने के लिए कितने उपाय काम में लाए गए हैं ।कुछ सर्वोत्तम शब्दों में अपनी शिक्षा हम तक पहुँचाते हैं ,कुछ अत्यंत सुसंगत ढंग से कुछ वाक्चातुर्य से और अन्य छोटे मुहावरों में । पर मैं सोचता हूँ कि सलाह देने के विभिन्न उपायों में जो सबको अधिक प्रसन्नता देता है ,वह गल्प है ,वह चाहे किसी भी रूप में आए ।यदि हम इस रूप में शिक्षा देने अथवा सलाह देने की बात सोचते हैं तो वह अन्य सबसे बेहतर है क्योंकि सबसे कम झटका लगता है ।

क – सबसे बेहतर सलाह देने का तरीका कौन –सा है तथा क्यों ? 2

ख –' वाक्चातुर्य ' शब्द का अर्थ बताइए तथा वह किस काम में आने वाला तत्त्व होता है ? 2

ग –हम किस कार्य में सर्वाधिक अनिच्छा दिखाते हैं और क्यों ? 2

घ- व्यक्ति प्राय: अपनी भलाई के लिए अन्य व्यक्ति द्वारा दिखाए गए उत्साह को क्या मान बैठता है और क्यों ? 2

च - उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । 1

2- निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

आज ठंडक अधिक है,
बाहर ओले पड़ चुके हैं ।
कुछ दिन पहले पाला पड़ा था,
अरहर कुल की कुल मर चुकी थी ।
हवा पहाड़ तक बेध जाती है ,
गेहूँ के पौध ऐंठे खड़े हैं ।
खेतिहरों में जान नहीं ,
मनमारे बैठे अलाव ताप रहे हैं ।
जमीदार का सिपाही लट्ठ कंधे पर रखे
आया और लोगों को देखकर कहा ,
'डेरे पर थानेदार आए हैं '
डिप्टी साहब ने चंदा लगाया है,
एक हफ्ते के अंदर देना है,
चलो , बात दे आओ। '
अलाव से कुछ हटकर
लोगों के साथ कुत्ता खेतिहर का बैठा था।
चलते सिपाही को देखकर उठ खड़ा हुआ
और भौंकने लगा ।
करूणा से बंधु खेतिहर को देख- देख कर
क्योंकि वह तो चुप है ।

क - उपर्युक्त काव्यांश में कवि ने किस प्राकृतिक विपदा का वर्णन किया है ? 2

ख - खेतिहर के कुत्ते के भौंकने को लेकर कवि क्या स्पष्ट करना चाहता है ? 2

ग – 'हवा पहाड़ तक बेध जाती है ' इसका आशय स्पष्ट कीजिए। 2

## खण्ड - ख

3 - क- उदाहरण देते हुए शब्द और पद में अंतर लिखिए- 2

4- निर्देशानुसार वाक्य -रूपांतरण कीजिए - 3

क -जो व्यक्ति परिश्रमी है वह पीछे नहीं रह सकता । (सरल वाक्य में )

ख- उस अपराधी को सजा हुई। (संयुक्त वाक्य में )

ग – बच्चे विद्यालय में आकर पढ़ने लगे । ( मिश्र वाक्य में )

5- क -निम्नलिखित शब्दों का समास- विग्रह करके समास का नाम लिखिए- 2

1 - घुड़सवार 2- प्रतिदिन

ख -निम्नलिखित शब्दों का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए- 2

1- स्वर्ण के समान अक्षर 2- पीत है अंबर जिसका अर्थात कृष्ण

6- निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए - 4

क- तुम उससे क्या बोला ?

ख- बड़ा लोग का आशीर्वाद लेना चाहिए।

ग – मैं नया पोशाक पहनूँगा ।

घ- मैंने विद्यालय जाना है ।

7- निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य प्रयोग इस पकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए– 2

क- गिरह बाँधना ख-लोहे के चने चबाना

## खण्ड - ग

8 - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क- 'ततॉरा - वामीरो कथा' क्या संदेश देती है ? 2

ख– वज़ीर अली का मुख्य उददेश्य क्या था ? 2

ग- 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले 'पाठ के आधार पर लिखिए कि प्रकृति में आए असंतुलन का क्या परिणाम हुआ ? 1

9 - ' गिरगिट ' कहानी के माध्यम से समाज की किन विसंगतियों पर व्यंग्य किया गया है ?क्या आप ऐसी विसंगतियाँ अपने समाज में भी देखते हैं ? स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

आपके विचार से कौन- से ऐसे मूल्य हैं जो शाश्वत हैं ? ' पतझर में टूटी पत्तियाँ ' पाठ के आधार पर वर्तमान समय में इन मूल्यों की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए ।

10- निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

क- 'मधुर मधुर मेरे दीपक जल 'कविता में कवयित्री को आकाश के तारे स्नेहहीन से क्यों प्रतीत हो रहे हैं? 2

ख- बिहारी की नायिका यह क्यों कहती है 'कहिहै सबु तेरौ हियौ ,मेरे हिय की बात '-स्पष्ट कीजिए। 2

ग-'आत्मत्राण 'कविता में कवि किससे और क्या प्रार्थना कर रहा है ? 1

11 - ' पर्वत प्रदेश में पावस ' कविता का प्रतिपाद्य अपने शब्दों मे लिखिए । 5

**अथवा**

' मनुष्यता ' कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?

12- ' सपनों के -से दिन ' पाठ में वर्णित घटनाओं के आधार पर पी. टी.सर की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 5

**अथवा**

अम्मी शब्द पर टोपी के घर वालों की प्रतिक्रिया उनकी किस मानसिकता को प्रदर्शित करती है ? 'टोपी शुक्ला ' पाठ के आधार पर अपने विचार प्रकट कीजिए ।

## खण्ड – घ

13- 'दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- 5

क -स्वस्थ जीवन के लिए व्यायाम -

* स्वास्थ्य एक अनमोल धन
* स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन
* विद्यार्थी जीवन में व्यायाम आवश्यक

ख- पशु पक्षियों के प्रति प्रेम -

* मानव -जीवन के अंग
* आत्मीयता और सहज स्नेह
* जीवदया- मानवता का संदेश

ग- वर्षा ऋतु -

* अवधि
* प्रभाव
* लाभ और हानि

14- आपके नगर में सड़कें टूट -फूट गई हैं जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगरपालिका के अध्यक्ष को सड़कों की मरम्मत करवाने के लिए एक पत्र लिखिए । 5

**अथवा**

भोपाल निवासी राधव की ओर से किसी प्रतिष्ठित समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखकर नगर में डेंगू फैलने के कारणों की चर्चा करते हुए इससे निपटने की अपर्याप्त तैयारियों की चर्चा कीजिए।

15– रेलयात्रा के दौरान दो यात्रियों के बीच होने वाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

**अथवा**

दो मित्रों के बीच किसी फिल्म पर चर्चा करते हुए लगभग 50 शब्दों में संवाद लिखिए ।

16– आप डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य हैं ।बिहार में भीषण बाढ़ आई है ।आपका विद्यालय बाढ़पीड़ितों के लिए राहतसामग्री भेज रहा है । शिक्षक और विद्यार्थियों से अधिक से अधिक सहयोग करने हेतु लगभग 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । 5

**अथवा**

विद्यालय स्पोर्टस क्लब के सचिव की ओर से सूचना पट्ट के लिए लगभग 30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए , जिसमें विभिन्न खेलों में सायंकालीन प्रशिक्षण हेतु विद्यार्थियों के नाम माँगे गए हों ।

17– अपने नए मकान को किराए पर देने के लिए लगभग 25– 50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए । 5

**अथवा**

' रवि डिटर्जेंट पाउडर ' पर लगभग 25– 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**END OF THE PAPER**